## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का करेंगे उद्घाटन, कहा – बैठक की मेजबानी करना भारत के लिए खुशी की बात।

2- राज्य सरकार गरीबों को रसोई गैस सिलिंडर पर देगी सब्सिडी, नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पोशाक राशि छह सौ रुपये से बढ़कर दो हजार हुई।

3- देवघर में आज श्रावणी मेले का हुआ उद्घाटन, आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

4- मौसम विभाग ने रांची, रामगढ़ और खूंटी समेत कोल्हान के इलाकों में कल और परसों भारी बारिश होने की जारी की चेतावनी।

**************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम सात बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे और गणमान्य अतिथियों को संबोधित करेंगे। भारत पहली बार विश्व विरासत समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। विश्व विरासत समिति की वर्ष में एक बार बैठक होती है और यह विश्व विरासत से संबंधित सभी मामलों का प्रबंधन करने के साथ ही विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत के विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी करना हर्ष का विषय है।

**************************

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले और कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्लन पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा के अलावा असदुद्दीन औवेसी बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल हैं। संसद का बजट सत्र कल शुरू हो रहा है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन परसों लोकसभा में वर्ष 2024–25 के लिए केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। इस सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है।

**************************

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश भर में एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम के बहुत कम मामले संक्रामक–तत्वों के कारण हुए हैं। यह संक्रमण वायरस, बैक्टीरिया, फंगस और पैरासाइट से फैलता है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने वायरस और एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम मामलों की समीक्षा करते हुए यह बात कही।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज गुरुपूर्णिमा के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों को बधाई दी है। गुरु पूर्णिमा आषाढ़ महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग अपने शिक्षकों और अध्यात्मिक गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आज ही के दिन ऋषि वेदव्यास की जयंती भी है और इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

**************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कल साहेबगंज के बरहेट में 70 दशमलव 64 करोड़ रुपये की लागत से ग्रिड सब–स्टेशन और संचरण लाइन का उद्घाटन करेंगे।

**************************

राज्य सरकार गरीबों को रसोई गैस सिलिंडर पर सब्सिडी देगी। खाद्य आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार साल में अधिकतम 12 सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। इससे अधिक सिलेंडर की खपत होने पर

उपभोक्ता को बाजार मूल्य का भुगतान करना होगा। पिछले दिनों राज्य सरकार ने राशन कार्ड धारक लाभुकों को यह सब्सिडी देने की घोषणा की थी, जिसपर अब मंत्रिमंडल की स्वीकृति ली जानी है। इधर, नौवीं से 12वीं के छात्र–छात्राओं के लिए राज्य सरकार ने पोशाक राशि बढ़ा दी है। पहले इन्हें छह सौ रुपये मिलते थे, लेकिन अब दो हजार रुपये मिलेंगे। शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने विभाग के प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है।

*************************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ अपने उपभोक्ताओं को समस्याओं के समाधान के लिए संथाली समेत 23 भाषाओं में कॉल सेंटर की सुविधा प्रदान करेगा। चौबीस घंटे चलने वाला यह कॉल सेंटर हिंदी, अंग्रेजी, मैथिली, बंगाली, संस्कृत और उड़िया समेत अन्य भाषाओं में परेशानियों को हल करेगा।

*************************

कोडरमा जिले में 25 जुलाई से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

*************************

देवघर में आज कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्थानीय विधायक नारायण दास के साथ संयुक्त रूप से राजकीय श्रावणी मेले का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मंत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रावणी मेले में आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा उनकी सुविधाओं का भी हर संभव ख्याल रखा गया है।

*************************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आरोपी पांच मई को आयोजित परीक्षा के दिन हजारीबाग में मौजूद थे। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

*************************

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता की पत्नी की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने 25 जुलाई को झारखंड–बिहार बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों की इस घोषणा के बाद पुलिस सतर्कता बरत रही है।

*************************

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र स्थित पतरोडीह–बिराजपुर गांव से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने पांच मोबाइल फोन और विभिन्न कंपनियों के छह सिम कार्ड बरामद किए हैं।

*************************

गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र स्थित अमजो में घर के अंदर बीती रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया है।

*************************

सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में आज सुबह छत्तीसगढ़ से एक आरोपी को गिरफ्तार कर रांची आ रही पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। एक ट्रक के साथ टक्कर के बाद हुई इस दुर्घटना में आरोपी के साथ रांची पुलिस के तीन जवान घायल हो गए। सिमडेगा जिले की पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

*************************

मौसम विभाग ने रांची, रामगढ़ और खूंटी समेत कोल्हान के इलाकों में कल और परसों भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, ओडिशा में बन रहे एक डिप्रेशन के कारण राज्य में

मॉनसून मजबूत हो रहा है। वहीं, लातेहार, गुमला और लोहरदगा समेत आसपास के इलाकों में भी तेज बारिश की आशंका से येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, 23 जुलाई के बाद मॉनसून फिर कमजोर हो जाएगा।

*************************